
# Musical Instruments of INDIA (STRINGED)



*Sitar Virtuoso Pandit RAVI SHANKAR, a world celebrity today*

# भारत के संगीत वाद्य

# MUSICAL INSTRUMENTS OF INDIA-
# THREE CATEGORIES

Since the Vedic age, India has been incredibly rich in musical instruments which are broadly classified under three heads:-

1. *"TAT VADYA" or stringed instruments* which are played with a plectrum or with bows. Some are fretted, while others are un-fretted and hence more difficult to master.
2. ***SUSHIRA VADYAS or Wind Instruments.***
3. ***RHYTHM INSTRUMENTS*** which include *"Ghanavadyas"* or struck instruments and *AVANADDHA VADYAS* like percussion and drums etc.

## TATVADYAS
## (Stringed Instruments)

Stringed instruments are so numerous that even classifying them becomes too complicated. What a bewildering variety they cover from the single stringed *EKTAARA* to the hundred-stringed *Shatatantri* or *Katyayani Veenas* or *Santoori!* The *Tanpura* or *Tanpuri* with 4 or 5 strings is the indispensible drone instrument that provides the continuous pitch or basic tonic for all classical music. *VEENA or BEEN,* the most ancient among stringed instruments was regarded as the "queen among stringed instruments". It has been extolled in the Vedas as "verily the embodiment of Beauty & Prosperity", the favourite instrument of Saraswati, the Goddess of Learning and all Fine Arts *(Veena-Pustaka dharini).* and also of Lord Shiva in the form of "Veenaadhaar" Dakshinamoorthy. Saraswati always holds the Veena as she is afraid of drowning in the unfathomable Ocean of *Naada* or musical sounds. One is amazed at the incredible varieties of Veenas that existed in India since ancient times such as *Mahaa-Veena, Mahati, Karkari, Kachchapi* (tortoise shaped), *Kinnari, Vipanchi, Parivadini, Pichchouda, Chalveena, Kandveena, Mayurveena* (peacock-shaped), *Makarveena* (crocodile shaped) and so on and on! Veena was the most popular stringed instrument during the Moghul period and was at the height of its glory during the age of the Dhruvpad from the times of Swami Haridas, Tansen and Emperor Akbar onwards. With the decline of the Dhruvpad, the number of *Vainiks (Veena players)* dwindled alarmingly. Today we have very few exponents left of *Vichitra Veena* and *Rudra Veena* in the north. But Karnatic music abounds in a large number of senior. junior, male and female exponents of *Saraswati Veena,* and *Chitraveena* or *Gottuvadyam.* All the descendants of Tansen from the line of his daughter Saraswati have been Veena artistes *(Beenkars),* and their direct descendants adorned the royal darbars of Rampur and the Awadh darbar of Lucknow.

Among stringed instruments today, it is the *SITAR* and the *SAROD* that enjoy worldwide popularity and appreciation thanks to the pioneering work and superb standards of maestros like Pdt Ravi Shankar, Ustad Ali Akbar Khan, Ustad Vilayat Khan, Pdt

Nikhil Banerji Ustad Amjad Ali Khan and so on. During the times of Amir Khusrau, there was a type of three-stringed Veena called Kachchapi (tortoise shaped) which was renamed by Khusrau as "*SEHTAR*" (Persian for three-stringed instrument) which underwent so many improvements at the hands of great masters through all these centuries that we have the highly sophisticated SITAR of today. It is a most versatile instrument because all the elements of vocal music (known as *Gayaki ang)* plus the special elements of the Veena *(alap, jod, jhala* etc*)* can be played on it. The two main portions with percussion accompaniments (Pakhawaj or Tabla) are the slow or *Maseetkhani, gats,* and the fast or *Razakhani gats,* the latter being the lively contribution of Ustad *Razakhan of Lucknow.* Thanks to our great contemporary maestros, there is a worldwide explosion of interest in the Indian Sitar.

## THE SAROD

About the origins of the Sarod, there are two main conflicting views. The two colossal Sarod maestros of this century have been Ustads Allauddin Khan of Maihar and Hafiz Ali Khan of Gwalior ; both belong to the *Seniya* (Tansen's) traditions and have shared some of the greatest gurus of the Rampur darbar.

According to Ustad Ali Akbar Khan, ``the Sarod Supremo", the brilliant son and disciple of Ustad Allauddin Khan, the Sarod is of purely Indian origin ; their disciple Sharan Rani has published a small but beautiful volume on the Sarod upholding this theory with many pictorial illustrations. On the other hand, Ustad Amjad Ali Khan, the precocious son and disciple of Ustad Hafiz Ali Khan claims that some ancient horse-trading ancestors of his had brought the *Sahrud* from the rugged Frontiers of Afghanistan and polished it up for classical music.. Others believe that it is a modified version of the *Rabab,* a popular instrument of the Middle East. Among our contemporaries, Ustad Allauddin Khan was the only artiste who has been heard playing on the Rabab in a Studio Concert (of AIR, LKW). Besides Ustads Ali Akbar Khan, Ustad Amjad Ali Khan, Smt. Sharan Rani, the late Bahadur khan, the late Radhika Mohan Moitra, we have on the contemporary scene Buddhadev Das Gupta, the famed disciple of Moitra, Rajeev Taranath, Zarin Sharma, Brij Narain (son of Pdt Ramnarain), Tejendra Narain Mazumdar Partho-Savathy and many other younger exponents. The Sarod is played with a plectrum; it is unfretted, and it demands years of training and practice and great physical stamina.

## THE SANTOOR

The Santoor from the valleys of Kashmir was considered a folk instrument until the genius and efforts of Pdt Shiv Kumar Sharma raised this cumbersome but magical 100 stringed instrument into the status of a full-fledged classical and light classical instrument. Bhajan Sopori is another well-known santoor expert who has enriched the instrument for classical music with his innovations. With the growing popularity of SANTOOR, many younger artistes including even a young lady (a disciple of Pdt. Shiv Kumar) are slowly becoming well-known. Played with two slender walnut sticks *(Kalams)*, the wealth of embellishments that Shiv Kumar Sharma has brought into the instrument is amazing. He believes that the ancient 100 stringed "*Shata-tantri-Veena*" was its ancestor. THE

QANOON of the Middle East is very similar to the Santoor.

## BOWED (STRINGED) INSTRUMENTS
## SARANGI

In Hindustani music, the favourite accompaniment of vocalists has been the complicated Sarangi with its numerous gut strings pressed from below with the cuticle-and nail parts of the fingers of the left hand while the right hand wields the bow. It is regarded as the stringed instrument that can reproduce best, all the nuances of vocal music, and its popularity began with the growth of Khayal, and the semi and light classical varieties of music. The Sarangi too acquired the high status of a solo instrument because of great virtuosi like Ustad Bundu Khan, Ustad Bade Ghulam Sabir Khan, Pdt Ramnarain, Pdt Gopal Misra and his brother Pdt Hanuman Misra, Ustad Sultan Khan, Ustad Sabir Khan, Ghulam Sabir, Qadiri and a few others. Pdt Ram Narain's daughter Smt Aruna Kalle is the only woman expert on this difficult instrument. It has 35 to 40 sympathetic strings that give its notes a hauntingly resonant tonal richness, *VIOLIN.* Violin is one of the most popular instruments in Karnatic music both for Solos and accompaniment, and it was Balu Bhagavatar, brother of the great Dikshitar who first used and popularised it in Karnatic music in which we have had innumerable great violinists male and female, both in the past & present. In the North, the popularity of violin is fairly recent, and it is used mostly for solos. Among the noted Violinists of the Hindustani style have been late Parur Sundaram Iyer and his son Vilolin Samrat M.S.Gopalakrishnan, Pdt V.G.Jog, Dr. N.Rajam, Datar, Paluskar Sisirkana Dar Chowdhry, and a crop of bright youngsters on the present scene like Sangeeta Shankar, Kala Ramnath and others.

## DILRUBA, ESRAJ, TARSHAHNAI TAOOS etc.

There are a number of instruments which suggest Moghul influences such as *Dilruba* (played with a bow and with very sweet tones), *Esraj, Taus* (peacock-shaped), *Qanoon* etc (the last being plucked). Dilruba, Esraj and Tarshahnai are very melodious instruments but exponents are very few.

## HAWAIAN GUITAR

The richly toned Hawaian Guitar has recently become very popular because of the high standards achieved by a few contemporary maestros like Brij Bhushan lal Kabra, Viswamohan Bhat (the Grammy Award winning disciple of Pdt Ravi Shankar), and many brilliant younger exponents, among whom the only lady artiste is the young Kamla Shankar of Varanasi who is already known all over the country.

## MISCELLANEOUS

Besides the above well-known instruments, there are also others like the SURBAHAR (ideal for alap-Jod-Jhala) of which the best artistes today are Smt. Annapurna Devi (sister of Ali Akbar Khan), Ustad Imrat Khan (younger brother of Ustad Vilayat Khan) and his younger son Ustad Irshad Khan.

The prodigious "Mandol in SRINIVAS" of South India who plays superb classical Kamatic Music on his small Mandolin has achieved the status of a world celebrity today.



*Sarod maestro Ustad AMJAD ALI KHAN.*

# भारत के संगीत वाद्य

वैदिक युग से ही भारत विविध संगीत वाद्यों से समृद्ध एवं सम्पन्न रहा है। ये वाद्य मुख्य तौर पर तीन प्रकार के हैं :—

१. तंत्रवद्य या तार वाद्य, जो मिज़राब (रूख (नखी)) या गज से बजाये जाते हैं। इनमें से कुछ वाद्यों पर जाली होती है और कुछ वाद्य बिना जाली के होते हैं जिन्हें बजाने में महारथ हासिल करने के लिए कड़े अभ्यास की जरूरत पड़ती है।

२. सुषिर वाद्य

३. ताल वाद्य

**तंत्रवाद्य :**

अपने देश में तंत्रवाद्यों की ऐसी विविधता है कि उन्हें श्रेणीबद्ध करना खासा कठिन काम है। इस आश्चर्यचकित करने वाली विवधिता का आरम्भ एकतारा से होता है और ये विविधता १०० तारों वाली शततंत्री वीणा या कात्त्यायिनी वीणा या सन्तूर तक जा पहुँचती है।

**तानपुरा या तानपुरी :** के चार या पाँच तार होते हैं और टेक—वाद्य की गूँज शास्त्रीय संगीत के सभी प्रदर्शनों में लगभग अनिवार्य सी है।

**वीणा अथवा बीन :** भारत का सबसे सनातन संगीत वाद्य वीणा है जिसे किसी ज़माने में ''तार वाद्यों की महरानी'' कहा जाता था। वेदों में इसका गुणगान करते हुए इसे सौन्दर्य और समृद्धि का मूर्त रूप कहा गया है। कला और ज्ञान की देवी सरस्वती का यह प्रिय वाद्य है; भगवान शिव के ''वीणाधार'' दक्षिणामूर्ति रूप को भी वीणा प्रिया रही है। सरस्वती तो हमेशा वीणा को सम्भवत: इस भय से थामे रहती हैं कि कहीं संगीत स्वरों के अथाह नाद सागर में वे कहीं डूब न जायें। प्राचीन युग से ही भारत में वीणा के इतने रूप और आकार रहे हैं कि उनकी विविधता पर अचम्भा होता है। वीणा के जो प्रकार चर्तित हैं उनमें *महावीणा*, *महती*, *करकरी*, *कच्छपी*, (कछुए के आकार की) *किन्नरी*, *विपंची परिवादिनी*, *पिछौदा*, *चलवीणा*, *कन्डवीणा*, *मयूरवीणा*, *मकरवीणा*, (मगरमच्छ के आकार की) आदि हैं।

मुगलों के जमाने में सबसे लोकप्रिय तार वाद्य वीणा ही थी। स्वामी हरिदास, तानसेन और सम्राट अकबर के ज़माने से लेकर ध्रुवपद—संगीत युग में ये अपने गौरव के शिखर पर रही है। ज्यूं—ज्यूं ध्रुवपद संगीत उतार की ओर बढ़ता गया वैणिक (बीनकार) बड़ी तेजी से कम होते गये। आजकल उत्तर भारत में *विचित्र वीणा* और *रूद्रवीणा* के वादक विरले ही रह गये हैं। इसके विपरीत कर्नाटक संगीत में वरिष्ठ और नवोदित पुरुष और महिला कलाकारों की ख़ासी संख्या है जो सरस्वती वीणा और चित्रवीणा या गोट्टूवाद्‌यम के सक्षम है। तानसेन के उनकी बेटी सरस्वती के माध्यम से लगभग सभी वंशज बीनका हुये हैं जिनकी कला की धूम रामपुर और लखनऊ के शाही दरबार में रही है।

आज के जमाने में तार वाद्यों में सितार और सरोद सारी दुनियां में लोकप्रिय हैं। इस विश्व व्यापी लोकप्रियता को उस्ताद अली अकबर खां, पं. रविशंकर, उ. विलायत खां, पं. निखिल बनर्जी उस्ताद अमजद अली खान आदि महान कलाकारों की कठोर संगीत साधना ने सम्भव बनाया। अमीर खुसरो के ज़माने में एक त्रितारी वीणा थी जो कच्छपी के नाम से प्रसिद्ध थी। इसे अमीर खुसरो ने फारसी नाम **''सहतार''** (तीन तारों वाला वाद्य) दिया। ये *सहतार* बदलते समय के साथ—साथ महान संगीतकारों द्वारा सुधारे जाने के बाद आज का स्वर *समृद्ध सितार* बना।

सितार स्वर सक्षम और भरपूर संगीतवाद्य है जिसमें गायन के सभी अंग (गायकी अंग) और वीणा के सभी गुण (अलाप, जोड़, झाला आदि) झंकृत हो पाते हैं। जब तालवाद्यों (पखावज या तबला) के साथ सितार वाद्य होता है तो मुख्यत: उसके दो चलन होते हैं– धीमा या मसीतखानी गत और तेज या रज़ाखानी गत। रज़ाखानी गत लखनऊ के उस्ताद रज़ाखान की बहुत प्यारी देन है। हिन्दुस्तानी संगीत में हमारे देश के महान सितार नवाज़ों की संगीत सेवा के कारण दुनियां के कोने–कोने में *सितार–प्रेम* जागृत हो रहा है।

## सरोद

सरोद के जन्म के बारे में दो अलग–अलग तरह की विचार धाराएं हैं जिनकी ओर इस सदी के दो महान सरोद नवाज़ों से जा मिलती है– मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खां और ग्वालियर के उस्ताद हाफिज़ अली खां। मजे की बात ये है कि दोनों महान कलाकार सेनिया शैली से सम्बद्ध हैं और दोनों ने रामपुर दरबार के महान संगीत गुरूओं से शिक्षा प्राप्त की है।

उस्ताद अलाउद्दीन खाँ के प्रतिभासम्पन्न पुत्र और शिष्य उस्ताद अली अकबर खाँ का कहना है कि सरोद ?शुद्ध भारतीय वाद्य है। उस्ताद अलाउद्दीन खाँ की ही शिष्या शरण रानी ने एक सुन्दर संगीत पुस्तिका में चित्रों के माध्यम से इसी विचार धारा की पुष्टि की है। उस्ताद अमजद अली खाँ कहते हैं कि उनके पूर्वज आफगानिस्तान से **सहरन्द** देकर आये थे और उसमें कई परिवर्तन करके **सरोद** बनाया और प्रचार किया। कुछ और लोगों का खयाल है कि Middle East के ''**खाब**'' को काफी परिष्कृत करके ''**सरोद**'' बनाया गया।

महान सरोद कलाकारों उस्ताद अली अकबर खाँ, उस्ताद अमजद अली खाँ, श्रीमती शरण रानी, स्व. उस्ताद बहादुर खाँ और स्व. राधिका, मोहन मैत्रा उनके प्रमुख शिष्य बुद्धदेव दास गुप्ता, नरेन्द्रनाथ धर, श्रीमती ज़रीन शर्मा राजीव तारानाथ सारंगी नवाज पं. राम नारायण के सुपुत्र बृजनारायण, तेजेन्द्र नारायण मजूमदार और कई नये प्रतिभाशाली कलाकार सरोद, संगीत को और अधिक लोकप्रिय बनाने में कार्यरत हैं। सरोद बिना जालीका साज है, मिजराब से बजता है और इसे अपने वश में करने के लिए वर्षों के प्रशिक्षण, कठोर अभ्यास और अदम्य शारीरिक दम की जरूरत है।

## संतूर

संतूर को बहुत देर तक केवल कश्मीर का लोकवाद्य ही माना गया। इसे शास्त्रीय और सुगम शास्त्रीय संगीत वाद्य के रूप में पं. शिव कुमार शर्मा की विलक्षण प्रतिभा और अथक परिश्रम ने ही संवारा और निखारा। सौ तारों का ये जटिल लेकिन जादूभरा साज़ है। अखरोट की लकड़ी की दो पतली–पतली छड़ियों से बजाया जाता है संतूर, जिससे जागते है मोहक संगीत अलंकार। पं. शिव कुमार शर्मा का विश्वास है कि संतूर सौ तारों वाली शततंत्री वीणा का ही वंशज है। मध्य पूर्व का साज़ *कानून* संतूर से बहुत मिलता जुलता है। संतूर में मीढ़ का जादू जगाने के लिए जाने माने संतूरवादक भजन सोपोरी की कला साधना का बहुत बड़ा योगदान है।

## गज़ से बजने वाले तार वाद्य : सारंगी

हिन्दुस्तानी संगीत में गायन की संगत के लिए सबसे लोकप्रिय साज़ है सारंगी। तांत के कई तारों से मढ़ी सारंगी बजाते समय दायें हाथ में गज़ से और बायें हाथ की उंगलियों की पोरों और नाखुनों से तार दबाने से ऐसे स्वरों का जन्म होता है, जो गायक को आवाज़ की बारीकियों को छू लेते हैं।

ख़्याल, उप–शास्त्रीय और सुगम संगीत के विकास के साथ–साथ सारंगी की लोक–प्रियता बढ़ती गई। संगत के अतिरिक्त एकल संगीत प्रदर्शन के लिए भी सारंगी को प्रतिष्ठा बढ़ती गई, जब उस्ताद बुन्दू खां, उस्ताद बड़े गुलाम साबिर खां, पं. रामनारायण, पं. गोपाल मिश्र, उनके भाई पं. हनुमान प्रसाद मिश्र और उस्ताद सुल्तान खां उस्ताद शकूर खां, साबिर खां, गुलाम साबिर कादिरी, जैसे गुणी कलाकारों ने सारंगी को साधा। सारंगी, जैसे श्रम–साध्य साज़ को बस में करने वाली इकलौती महिला कलाकार हैं पं. राम नारायण की बेटी श्रीमती अरूणा कल्ले। सारंगी के ३५ से ४० तार होते है।, जिनकी मीठी गूंज देर तक एहसास में डोलती रहती है।

## वायलिन

कर्नाटक संगीत में वादन और संगत दोनों के लिए वायलिन अत्यंत लोकप्रिय साज़ है। सबसे पहले इसे महान संगीतकार दीक्षितर के भाई बालु भागवतर ने अपनाया और कर्नाटक संगीत जगत में लोकप्रिय बनाया। उसके बाद तो अतीत और वर्तमान के वायलिन वादकों में अनेक जाने माने पुरुष और महिला वयलिन वादक कलाकारों के नाम इस साज़ से जुड़े गये।

उत्तर भारत में वायलिन की ख्याति और लोकप्रियता का इतिहास नया नया है। हिन्दुस्तानी संगीत में वायलिन वादन तो होता है लेकिन इससे संगत नहीं होती। हिन्दुस्तानी संगीत शैली के सुविख्यात वायलिन वादकों में स्व. पारूर सुन्दरमअय्यर और उनके सुपुत्र "वयलिन सम्राट" एम. एस. गोपालकृष्णन, पं. वी. जी. जोग, डा. एन. राजम् डी. के. दातार, पलुस्कर, शिशिर कनाधरचौधरी के अतिरिक्त नई पीढ़ी के कुछ प्रतिभाशाली कलाकार उल्लेखनीय है।

## दिलरुबा–इसराज–ताराशहनाई–ताऊस

तारवाद्यों में कुछ ऐसे साज़ हैं जिन पर मुगल प्रभाव की पहचान मिलती है– जैसे गज़ से बजने वाली मीठी सुरीली **दिलरुबा, इसराज**, मोर के आकार का **ताऊस** और **कानून** आदि। **कानून** मिज़राब से बजाया जाता है।

दिलरुबा, इसराज, तारशहनाई आदि तो अत्यंत सुरीले साज़ हैं, लेकिन इन्हें बजाने वालों के नाम उंगलियों पर गिने जा सकते हैं।

## हवाईयन गिटार

कुछ समय से स्वर– रंजित हवाईयन गिटार काफ़ी लोकप्रिय हो चला है। इसमें समकालीन चोटी के गिटार वादक बृजभूषणलाल काबरा, पं. रवि शंकर के शिष्य और ग्रमी पुरस्कार विजेता विश्वमोहन भट्ट, और कुछ नई प्रतिभाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। नई प्रतिभाओं में देश की इकलौती महिला गिटार कलाकार वाराणसी की कमलाशंकर ने अच्छा नाम कमाया है।

## विविध

इन सब तार–वाद्यों की तो अच्छी खासी पहचान बन गई है लेकिन इनके अतिरिक्त कुछ और भी तार–वाद्य हैं जैसे अलाप–**जोड़ झाला** के लिए आदर्श तार–वाद्य **सुरबहार**। **सुरबहार** बजाने वालों में महत्वपूर्ण नाम हैं – उस्ताद अली अकबर खां की बहन श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, उस्ताद विलायत खां के छोटे भाई उस्ताद इमरत खां और उनके छोटे पुत्र उस्ताद इरशाद खां।

## मैंडोलिन

दक्षिण भारत के विलक्षण कलाकार "मैंडोलिन" श्रीनिवास ने बचपन से ही छोटे से तारवाद्य मैंडोलिन पर उच्चतम कर्नाटक संगीत की शानदार प्रस्तुतियां करके विश्वस्तर पर ख्याति प्राप्त की है और मैंडोलिन के लिए भारतीय संगीत में जगह बनाई है।

---

निदेशक संस्कृति विभाग उ.प्र. के लिये निदेशक भारतेन्दु नाट्य अकादमी ए-2/58, गोमतीनगर लखनऊ द्वारा प्रकाशित एवम् **शिवम आर्ट्स** 211, निशातगंज, लखनऊ दूरभाष-386389 द्वारा मुद्रित।